**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या- 12 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
| --- | --- |
| 12(क)- क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के जनपद - उन्नाव, तहसील सदर में मगरवारा क्रासिंग के पास शिवनगर विद्युतीकरण से वंचित रह गया है ? | जनपद-उन्नाव में तहसील सदर के अन्तर्गत मगरवारा क्रासिंग के पास शिवनगर एक मोहल्ला है, जिसकी व्यक्तिगत विकासकर्ता द्वारा प्लाटिंग की गई है। विकासकर्ता द्वारा प्लाटिंग में विद्युतीकरण नहीं कराया गया है।<br>प्राइवेट प्लाटिंग के पास से दूसरी साईट से 11 के0वी0 दोस्तीनगर फीडर की लाइन गुजर रही है । |
| (ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त नगर में विद्युतीकरण करायेंगे ? | प्राइवेट प्लाटिंग एरिया में विद्युतीकरण का कार्य, विकासकर्ता द्वारा कराया जाता है। यदि विकासकर्ता द्वारा विद्युतीकरण हेतु आवेदन किया जाता है, तो विद्युतीकरण हेतु निर्मित प्राक्कलन की धनराशि खण्ड कार्यालय में जमा कराने के पश्चात् विद्युतीकरण कराया जाना सम्भव है । |
| (ग) यदि हाँ, तो कब तक ? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए0 के0 शर्मा
ऊर्जा मंत्री।